Board Exam
Class X
2023

Boord Exam
class X
2023

**Series Z1YXW/2**

**SET ~ 2**

प्रश्न-पत्र कोड **4/2/2**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

*

# हिन्दी (ब)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**नोट :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

***सामान्य निर्देश:***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी/वस्तुपरक उपप्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** उपप्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खण्ड अ

### (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

देश के एक प्रसिद्ध आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग ने 660 बच्चों का दो साल तक गहन अध्ययन किया है । इस अध्ययन में पाँच साल तक के बच्चों को शामिल किया गया था । पता चला कि ये बच्चे एक घंटा से भी अधिक समय मोबाइल पर बिताते हैं । मोबाइल और टीवी का कुल समय पाँच घंटे निकला । यही नहीं, इनके माता-पिता भी लगभग साढ़े छह घंटे विभिन्न गैजेट्स पर बिताते हैं । इसी अध्ययन में यह भी पाया गया कि 60 प्रतिशत बच्चे सोने से पहले इन उपकरणों के इस्तेमाल के आदी हो चले हैं । यह भी एक तरह का नशा ही है, जिस पर अगर समय रहते ध्यान न दिया गया तो यह आदत आने वाली पीढ़ियों के लिए भारी मुसीबत बन सकती है । विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्पष्ट सलाह है कि दो साल तक के बच्चों के हाथों में गैजेट्स या इलैक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं देने चाहिए । यहाँ तक कि पाँच साल की उम्र में भी इनका 'स्क्रीन टाइम' एक घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए । लेकिन संपन्न होते घरों में यह देखने को मिलता है कि इसे वे अपनी हैसियत से जोड़ने लगे हैं । ऐसा करते हुए वे भूल जाते हैं कि वे अपने बच्चों का आज ही नहीं, भविष्य भी बिगाड़ रहे हैं ।

(i) निम्नलिखित में से किस कथन को गद्यांश की सीख के आधार के रूप में कहा जा सकता है ?

(a) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

(b) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का सीमित उपयोग करना चाहिए ।

(c) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों को हैसियत से नहीं जोड़ना चाहिए ।

(d) इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों का आदी नहीं होना चाहिए ।

(ii) माता-पिता की कौन-सी प्रवृत्ति उनके बच्चों के लिए अनुचित है ?

(a) उनका बहुत अधिक साधन-संपन्न होना ।

(b) उनका बहुत अधिक शिक्षा संपन्न होना ।

(c) गैजेट्स को अपनी हैसियत से जोड़ना ।

(d) हैसियत के अनुरूप गैजेट्स न खरीदना ।

(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(क) सोने से पूर्व गैजेट्स के उपयोग से अच्छी नींद आती है ।

(ख) आजकल के अभिभावक गैजेट्स को अपनी हैसियत का आधार मानते हैं ।

(ग) वर्तमान में गैजेट्स का उपयोग एक नशे के समान हो गया है ।

(घ) गैज़ेट्स का अनियंत्रित इस्तेमाल बच्चों के भविष्य के लिए हानिकारक है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन गद्यांश के आधार पर सही हैं ?

(a) (क) और (घ)

(b) (ख) और (ग)

(c) (क), (ख) और (ग)

(d) (ख), (ग) और (घ)

(iv) गद्यांश के आधार पर छोटे बच्चों के हाथों में इलैक्ट्रॉनिक उपकरण दिए जाने का कारण है :

(a) बच्चों की जिद्द

(b) समय की माँग

(c) संपन्नता का दिखावा

(d) बच्चों के लिए समय का अभाव

(v) 'स्क्रीन टाइम' से क्या आशय है ?

(a) सिर्फ मोबाइल पर बिताया गया समय

(b) सिर्फ टीवी पर बिताया गया समय

(c) सिर्फ लैपटॉप पर बिताया गया समय

(d) उपर्युक्त तीनों पर बिताया गया समय

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

पृथ्वी पर लगातार ख़तरे मँडराते रहते हैं । हर साल हज़ारों की संख्या में उल्का पिंड पृथ्वी की ओर आते हैं । और इनसे कभी-कभी वैज्ञानिकों को भी ख़तरा महसूस होने लगता है । उल्का से पैदा ख़तरे से निबटने के लिए वैज्ञानिक तरीके भी खोजते रहे हैं । नासा की सोच रही है कि क्या परमाणु हथियारों के दम पर किसी ख़तरनाक उल्का पिंड को पृथ्वी से टकराने से पहले ही नष्ट किया जा सकता है ? क्या उल्का पिंड की दिशा को रॉकेट बूस्टर इत्यादि से मोड़ा जा सकता है ? अभी इन दोनों ही उपायों पर ज्यादा काम नहीं हुआ है । लेकिन वैज्ञानिकों को यह भी लगता है कि कभी कोई ज्यादा ही ख़तरनाक उल्का पिंड पृथ्वी से टकराया तो क्या होगा ? पृथ्वी के इंसान अगर ख़त्म हो गए तो क्या होगा ? एक समाधान एक अमेरिकी उद्यमी की ओर से आया है, जो काफी रोचक है । बेन हल्डमैन नामक उद्यमी 'लाइफशिप' नामक एक स्टार्टअप के संस्थापक हैं, जिनका सिर्फ एक ही अभियान है — मानव बीज बैंक बनाना । दूसरे शब्दों में कहें तो इस बैंक में मानव डीएनए को संरक्षित किया जाएगा । यह बैंक चाँद पर स्थापित होगा । अगर इस धरती पर इंसान ख़त्म हो गए, तो मानव सभ्यता को फिर शुरू करने में यह बैंक सहायक होगा ।

(i) मानव बीज बैंक में किसे संरक्षित किए जाने की योजना है ?

(a) मानव डीएनए को

(b) मानव कोशिका को

(c) मानव रक्त को

(d) मानव सभ्यता को

(ii) बेन हल्डमैन की भविष्य में इंसानों को बचाने के क्षेत्र में किए जाने वाले प्रयास को क्या कहा जा सकता है ?

(a) रोचक और विचारणीय

(b) अरोचक और विचारणीय

(c) रोचक और अविचारणीय

(d) अरोचक और अविचारणीय

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* प्रत्येक वर्ष हज़ारों की संख्या में पृथ्वी की ओर आते उल्का पिंडों को वैज्ञानिक ख़तरा मानते हैं ।

*कारण (R) :* पृथ्वी की ओर आने वाले उल्का पिंडों को परमाण्विक हथियारों से सफलतापूर्वक पूरी तरह नष्ट किया जा सकता है ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है ।

(c) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(iv) मानव बीज बैंक को कहाँ स्थापित किए जाने की योजना है ?

(a) नासा में

(b) पृथ्वी पर

(c) मंगल पर

(d) चाँद पर

(v) गद्यांश के आधार पर वैज्ञानिकों के चिंतन का कारण इनमें से क्या ***नहीं*** है ?

(a) उल्का पिंड का पृथ्वी से टकराना

(b) पृथ्वी के इंसान विहीन हो जाने की स्थिति

(c) उल्का पिंड को पृथ्वी से टकराने से पहले नष्ट करना

(d) परमाणु हथियार के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव रोकना

**3.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'ज़हर लगना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है :

(a) बहुत बुरा लगना

(b) बहुत कड़वा लगना

(c) बहुत विषैला होना

(d) विष का असर होना

(ii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

(क) हाथ लगना — छू/स्पर्श हो जाना

(ख) हाथ से निकलना — छूटकर गिर जाना

(ग) हाथों में लेना — ज़िम्मेदारी लेना

(घ) हाथों-हाथ लेना — आवभगत करना

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही, सुमेलित युग्म हैं ?

(a) केवल (क)

(b) केवल (ख)

(c) (ग) और (घ)

(d) (ख) और (घ)

(iii) निम्नलिखित में से 'धोखा देना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा पहचान कर लिखिए :

(a) आँखों में आँसू आना

(b) आँखों में धूल झोंकना

(c) अंधे के हाथ बटेर लगना

(d) घर से बेघर करना

(iv) "छोटे भाई की लापरवाही देखकर बड़े भाई साहब ने उसे ________ ।" नीचे दिए गए मुहावरों में से उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(a) हाथों-हाथ लेना

(b) सीधे हाथ लेना

(c) सिर-माथे लेना

(d) आड़े हाथों लेना

(v) 'दबदबा होना' अर्थ के लिए निम्नलिखित मुहावरों में से उपयुक्त मुहावरा है :

(a) हेकड़ी जताना

(b) खाल खींचना

(c) चमड़ी उधेड़ना

(d) तूती बोलना

(vi) "मेरे दरजे में आओगे तो ________ जाएगा ।" रिक्त स्थान की पूर्ति नीचे दिए गए उपयुक्त मुहावरे से कीजिए ।

(a) किस्सा ख़त्म होना

(b) काम तमाम होना

(c) गाँठ बाँध लेना

(d) दाँतों पसीना आना

**4.** निर्देशानुसार 'रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "जब वह पहली बार फेल हुआ तो मुन्नी बाबू अपनी कक्षा में प्रथम आए ।" — रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए ।

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) विधानवाचक वाक्य

(ii) "स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर झंडा फहराकर घोषणा पढ़ रही थीं ।" — इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरित वाक्य कौन-सा है ?

(a) स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर पहुँच कर झंडा फहराकर घोषणा पढ़ रही थीं ।

(b) जो स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर थीं वे झंडा फहराकर घोषणा पढ़ रही थीं ।

(c) स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर थीं और झंडा फहराकर घोषणा पढ़ रही थीं ।

(d) स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर थीं इसलिए झंडा फहराकर घोषणा पढ़ रही थीं ।

(iii) 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' विषय पर आधारित निम्नलिखित में से सही कथन कौन-सा है ?

(a) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ परिवर्तित नहीं होना चाहिए ।

(b) वाक्य का रूप परिवर्तित करते समय उसका अर्थ परिवर्तित होना ही चाहिए ।

(c) वाक्य रूपांतरण वास्तव में वाक्य का अर्थ परिवर्तित करने की प्रक्रिया है ।

(d) वाक्य रूपांतरण वास्तव में वाक्य का आकार परिवर्तित करने की प्रक्रिया है ।

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सरल वाक्य का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(a) जीवन की समझ सिर्फ किताबें पढ़ने से ही नहीं आती ।

(b) जो समझ अनुभव से आती है वो किताबों से नहीं आती ।

(c) जीवन की समझ अनुभव और किताबें दोनों से ही आती हैं ।

(d) जीवन की समझ के लिए अनुभव और किताबें दोनों आवश्यक हैं ।

(v) "उसके बाद आज़ादी प्राप्त होने तक प्रतिवर्ष 26 जनवरी स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा ।"

यह वाक्य रचना की दृष्टि से है :

(a) मिश्र वाक्य

(b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य

(d) सामान्य वाक्य

5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'मनोविज्ञान' समस्तपद किस समास का उदाहरण है ?

(a) अव्ययीभाव समास

(b) बहुव्रीहि समास

(c) द्वंद्व समास

(d) तत्पुरुष समास

(ii) 'जन्मसिद्ध' समस्तपद का उपयुक्त समास विग्रह है :

(a) जन्म से सिद्ध

(b) जन्म और सिद्ध

(c) जन्म के लिए सिद्ध

(d) सिद्ध है जो जन्म

(iii) किस समास में अन्य पद प्रधान होता है ?

(a) कर्मधारय समास में

(b) तत्पुरुष समास में

(c) बहुव्रीहि समास में

(d) अव्ययीभाव समास में

(iv) निम्नलिखित में कर्मधारय समास का उदाहरण है :

(a) नीलगगन

(b) आत्मगौरव

(c) विचारमग्न

(d) जीवनसाथी

(v) 'आजीवन' समस्तपद का सही समास विग्रह और भेद निम्नलिखित में से किस विकल्प में है ?

(a) जीवन भर — द्विगु समास

(b) जीवन पर्यंत — अव्ययीभाव समास

(c) जब तक जीवन है — द्वंद्व समास

(d) जीवन आरंभ — तत्पुरुष समास

6. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) "सातवीं-आठवीं के कुछ विद्यार्थी हमें उनके बारे में बताया करते थे ।" — रेखांकित पदबंध है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ii) "बड़े-बड़े बिल्डर कई सालों से समंदर को पीछे ढकेलकर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे ।"

(क) बड़े-बड़े बिल्डर

(ख) पीछे ढकेलकर

(ग) उसकी ज़मीन को

(घ) हथिया रहे थे

उपर्युक्त पदबंधों में से क्रिया-विशेषण पदबंध का/के उदाहरण है/हैं :

(a) केवल (ग)

(b) केवल (ख)

(c) (ख) और (घ)

(d) (क) और (ग)

(iii) "वह महिमामय व्यक्तित्व पूरी तरह उसकी आत्मा में उतर चुका है ।" — इस वाक्य में क्रिया पदबंध है :

(a) वह महिमामय व्यक्तित्व

(b) पूरी तरह उसकी

(c) उसकी आत्मा में

(d) उतर चुका है

(iv) "मास्टर प्रीतम चंद का दुबला-पतला गठीला शरीर था ।" — वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है :

(a) सर्वनाम पदबंध

(b) संज्ञा पदबंध

(c) विशेषण पदबंध

(d) क्रिया-विशेषण पदबंध

(v) "दूसरों की सहायता करने वाले आप महान हैं ।" — इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का उपयुक्त भेद है :

(a) संज्ञा पदबंध

(b) सर्वनाम पदबंध

(c) क्रिया पदबंध

(d) विशेषण पदबंध

**7.** पठित पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) तोप पर बैठी चिड़ियाँ हमें क्या संदेश देती है ?

(a) जीवन नश्वर और क्षणभंगुर है

(b) बाहरी आक्रांताओं से सावधान रहना चाहिए

(c) विरासत में मिली चीज़ों को सँभालकर रखना चाहिए

(d) अत्याचारी का अंत एक न एक दिन अवश्यंभावी है

(ii) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

(क) विपदा के समय ईश्वर अपने भक्तों की स्वयं ही सहायता करते हैं ।

(ख) कवि ईश्वर से अपने कर्मों के सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा रखते हैं ।

(ग) विपरीत परिस्थितियों में आत्मबल और पुरुषार्थ का साथ नहीं छोड़ना चाहिए ।

(घ) विपरीत परिस्थितियों में ईश्वर के अस्तित्व पर संदेह नहीं करना चाहिए ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन 'आत्मत्राण' कविता से प्राप्त संदेश को दर्शाते हैं ?

(a) (क) और (ख)

(b) (ख) और (ग)

(c) (ग) और (घ)

(d) (क) और (घ)

8. पठित काव्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नए क़ाफ़िले
फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है
ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो ।

(i) सैनिकों की देशवासियों से क्या अपेक्षा है ?

(a) देश की सुरक्षा की

(b) देश के उत्थान की

(c) देश के विस्तार की

(d) देश के विकास की

(ii) निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

(क) सैनिक सर पर कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि उनके जीवन का अंत निकट है ।

(ख) सैनिक सर पर कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि वे अत्यंत घायल अवस्था में हैं ।

(ग) सैनिक सर से कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि देशहित में मृत्यु का भी सामना करना पड़ सकता है ।

(घ) सैनिक सर से कफ़न बाँधने की बात करते हैं क्योंकि युद्ध के दौरान ऐसा करने की एक प्राचीन परंपरा है ।

पद्यांश से मेल खाते हुए उपर्युक्त कथन/कथनों के लिए नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प का चयन कीजिए :

(a) केवल (ख)

(b) केवल (ग)

(c) (क) और (ख)

(d) (ग) और (घ)

(iii) कवि किस काफ़िले को सजाने की बात कह रहा है ?

(a) सीमा पर रसद पहुँचाने वाले काफ़िले को

(b) सीमा पर भोजन पहुँचाने वाले काफ़िले को

(c) देश की सीमा पर तैनात सैनिकों के काफ़िले को

(d) देश की रक्षा हेतु तत्पर सैनिकों के काफ़िले को

(iv) पद्यांश में 'कट गए सर हमारे' में 'हमारे' संबोधन का प्रयोग किसके लिए हुआ है ?

(a) देश की रक्षा हेतु कुर्बान होते सैनिकों के लिए

(b) देश की रक्षा हेतु घायल होते सैनिकों के लिए

(c) देश की सीमाओं पर पहरा देते सैनिकों के लिए

(d) देश के उत्तरी क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए

(v) 'राह कुर्बानियों की न वीरान हो' पंक्ति में किस 'राह' की बात की गई है ?

(a) मातृभूमि की रक्षा हेतु अहिंसा की राह

(b) मातृभूमि की रक्षा हेतु बलिदान की राह

(c) दुश्मनों से अहिंसात्मक बदला लेने की राह

(d) दुश्मनों से शांतिपूर्ण समझौता करने की राह

**9.** पठित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'तीसरी कसम' फ़िल्म निर्माण के पीछे शैलेन्द्र का क्या उद्देश्य था ?

(a) आत्म संतुष्टि के सुख की कामना

(b) अपार संपत्ति के सुख की कामना

(c) अपार यश के सुख की कामना

(d) साहित्य संरक्षण के सुख की कामना

(ii) 'झेन की देन' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?

(a) हमें अपने से बड़े देशों से कभी प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए ।

(b) हमें सिर्फ अपने से छोटे देशों से ही प्रतिस्पर्धा रखनी चाहिए ।

(c) हमें वर्तमान से अधिक अतीत और भविष्य की चिंता करनी चाहिए ।

(d) हमें अतीत और भविष्य की चिंता त्याग कर वर्तमान में जीना चाहिए ।

**10.** पठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

बड़े बाज़ार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो । कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे । जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे, उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी । लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई । पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी । मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे । कितनी ही लारियाँ शहर में घुमाई जा रही थीं । घुड़सवारों का प्रबंध था । कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नहीं थी, सारी पुलिस को इसी काम में लगाया गया था । बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था । मोनुमेंट के नीचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो भोर में छह बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था ।

(i) घुड़सवारों का प्रबंध किसकी ओर से किया गया था ?

(a) पुलिस प्रशासन

(b) कांग्रेस कौंसिल

(c) स्थानीय समिति

(d) केन्द्र सरकार

(ii) बड़े बाज़ार के मकानों को सजाने और उन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का क्या कारण था ?

(a) स्वतंत्रता प्राप्ति की खुशी मनाना

(b) स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाना

(c) लोगों में उत्साह और नवीनता का संचार करना

(d) लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार करना

(iii) शहर में कहीं भी ट्रैफ़िक पुलिस क्यों नहीं थी ?

(a) ट्रैफ़िक पुलिस गश्त के काम में लगी थी ।

(b) उस दिन शहर में कोई ट्रैफ़िक नहीं था ।

(c) ट्रैफ़िक पुलिस आज़ादी का उत्सव मना रही थी ।

(d) ट्रैफ़िक पुलिस को निरस्त कर दिया गया था ।

(iv) शहर के प्रत्येक मोड़ पर मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट क्यों तैनात थे ?

(a) कार्यक्रम के दौरान होने वाली हिंसा को रोकने के लिए

(b) सरकारी आदेशानुसार कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए

(c) शाम को होने वाली सभा का प्रबंध करने के लिए

(d) शाम को होने वाली सभा में सम्मिलित होने के लिए

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

*कथन (A) :* पुलिस ने बड़ी संख्या में पार्कों तथा मैदानों को घेर लिया था ।

*कारण (R) :* पुलिस अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

(b) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) लगातार बढ़ती आबादी ने पर्यावरण को किस रूप में प्रभावित किया है ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख में दुखी होने वाले' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ख) तताँरा और वामीरो की मृत्यु कैसे हुई और उनकी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(ग) वज़ीर अली की उन चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए जिनके कारण उसे जाँबाज़ सिपाही कहा जाता था । आप इनमें से किन गुणों को अपनाना चाहेंगे और क्यों ?

**12.** पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) "अब घर जालौं तास का जे चले हमारे साथि" — साखी के संदर्भ में 'घर' शब्द की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'मनुष्यता' कविता में किस तरह के जीवन को व्यर्थ कहा गया है और क्यों ?

(ग) 'पर्वतीय प्रदेश में पावस' कविता में झरनों का वर्णन किस रूप में हुआ है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

13. पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए : *2×3=6*

(क) "आस्था के प्रतीक धर्मस्थान, मानव को जीवन में सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं ।" 'हरिहर काका' कहानी के संदर्भ में इस कथन के पक्ष या विपक्ष में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि मास्टर प्रीतमचंद जैसे अध्यापकों को मुअत्तल किए जाने को आप कहाँ तक उचित मानते हैं और क्यों । पक्ष या विपक्ष में तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के नायक टोपी शुक्ला की परेशानियों को देखते हुए आप शिक्षा-व्यवस्था में किस तरह के सुधार लाना चाहेंगे ?

14. (क) आप क.ख.ग. नगर निवासी मोहन रैना/मोहिनी रैना हैं । अपने क्षेत्र में जल-भराव से उत्पन्न समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए लगभग 100 शब्दों में नगर-निगम अधिकारी को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप अ.ब.स. नगर निवासी अदम्य विश्वकर्मा/आद्या विश्वकर्मा हैं । आपके क्षेत्र के पार्क को अब तक कूड़ेदान की तरह इस्तेमाल किया जा रहा था । नगर-निगम की पहल और सहयोग से वह पुनः सुंदर पार्क बन गया है । इसके लिए नगर-निगम आयुक्त को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । *5*

15. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *1×5=5*

(क) स्वदेशी उत्पाद : समग्र विकास का आधार
- क्या है ?
- आवश्यकता क्यों ?
- भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव
- सुझाव

(ख) आत्मानुशासन : शिक्षा का आधार

- क्या है ?
- प्राप्ति के उपाय
- शिक्षा में भूमिका
- सकारात्मक प्रभाव

(ग) बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ

- वर्तमान में आवश्यकता क्यों ?
- भारतीय समाज पर प्रभाव
- बाधाएँ
- सुझाव

**16.** (क) आप तरुणा अरोड़ा/तरुण अरोड़ा हैं और बहुमुखी विकास विद्यालय की प्राचार्या/प्राचार्य हैं । आपके विद्यालय में आगामी सत्र से रोबोटिक्स की कक्षा प्रारंभ होने वाली है । छात्रों को इसकी जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) आप रमेश चंद्रन/रमा चंद्रन हैं और नगर-निगम के/की महापौर हैं । स्वच्छता अभियान हेतु मोहल्लों के सर्वेक्षण के संबंध में जनसामान्य के लिए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । *4*

**17.** (क) 'मधुर वचन है औषधि' शीर्षक पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आपका नाम मानव/मानवी है । आपने ऑनलाइन टेलीविज़न खरीदा है और अब आप उसके लिए विस्तारित आश्वासन (एक्सटैंडिड वारंटी) की सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं । इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कंपनी के ई-मेल पते पर लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए । *5*

**18.** (क) एक बार प्रयोग में लाए जाने वाले प्लास्टिक के उत्पादों के नकारात्मक प्रभावों के प्रति आम लोगों में जागरूकता लाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय की ओर से लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) 'सोलर हीटर' बनाने वाली कंपनी 'निशांतरश्मि' के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । *3*